केस स्टडी- 10/2024

जारी तिथि : 04.04.24

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 18.03.2024 को उत्तर पश्चिम रेल में अजमेर मण्डल के सेक्शन: अजमेर – जयपुर, ट्रेन क्र. 12548, लोको क्र. 37510 CNB, लोड : 22 बोगी, के साथ कार्य करते समय मदार स्टेशन के होम सिग्नल को ऑन स्थिति में पार करके ट्रेन क्र. LCTS/MBV(DN) को साइड से टक्कर मार दी प्राथमिक जानकारी के अनुसार लोको पायलट व सहायक लोको पायलट ICF एवं LHB कोच की स्थाई गति प्रतिबंध के विषय पर परिचर्चा करने में मशगूल हो गए व ध्यान नहीं रहा कि वे औटोमेटिक सिग्नल नंबर S-2901 को एक पीला में पार करके आए हैं। परिणामस्वरूप होम सिग्नल (S-5) जोकि लाल था, उसे ऑन स्थिति मे पार करके बाइपास लाइन से आ रही मालगाड़ी से साइड टक्कर हो गई (गति 51 Kmph) , परिणामत: लोकोमोटिव व 4 कोच डि-रेल हो गए, जिसके कारण रेल संपति की भारी क्षति हुई तथा 8 गाड़ियों की Punctuality भी लॉस हो गई। (समय:1:03 बजे)

संभावित कारण:-

- ✓ कर्मीदल के बीच ICF (50 Kmph) व LHB (90 Kmph) कोच की स्थाई गति प्रतिबंध को लेकर कुछ संशय हो रहा था, इस बात को लेकर दोनों का आपस में चर्चा करने में लग जाना।
- ✓ लोको पायलट को औटोमेटिक सिग्नल नंबर S-2901 एक पीला मिलने पर अगला होम सिग्नल (S-5) लाल ही होगा, इसका पालन न करते हुए गाड़ी की गति नियंत्रित न करना।
- ✓ कर्मीदल द्वारा होम सिग्नल S-5 को नजर अंदाज़ करना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ श्रम की स्थिति में गाड़ी रोककर, कन्फ़र्म करने के उपरांत ही गाड़ी को आगे बढ़ाएँ।
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान अन्य किसी कार्य में व्यस्त ना हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत पर रखें।
- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है।
- ✓ LR लेते समय स्थाई गति प्रतिबंध की जानकारी भी आद्दतन (अपडेट) रखें।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत RS वाल्व खोल देना चाहिए।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।